**रीठी पुलिस को मिली कामयाबी, पकड़े गये शातिर बदमाश पर पहले से दर्ज हैं कई अपराध**

# शातिर बदमाश को दबोचा, चोरी की 10 मोटर साइकिलें की गई बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहरी सहित ग्रामीण अंचलों में बीते कुछ दिनों से आये दिन किसी न किसी क्षेत्र से दोपहिया वाहनों की चोरी हो रही थी। बढ़ती वाहनों की चोरी से जहां नागरिकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा था वहीं पुलिस की कार्यप्रणाली एवं गश्त पर सवाल उठ रहे थे। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर बदमाशों को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए पुलिस सक्रिय हुई। इसी क्रम में रीठी पुलिस को सफलता मिली एवं एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोर के पास से पुलिस को चोरी की 10 मोटरसाइकिल बरामद की है। पकड़ा गया शातिर चोर कटनी शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के बाद खुद को सीजिंग कर्मचारी बताते हुए चोरी की बाइक लोगों को बेचता था।

पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कार्यवाही का खुलासा करते



हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि रीठी थाने के अप.क्र. 63/26 धारा 303 (2) बीएनएस के मामले में पूर्व में आरोपी गणेश साहू तथा पुष्पराज सिंह निवासी रैपुरा जिला पन्ना को गिरफ्तार किया गाया है। मामले में अन्य फरार आरोपी मनीष लोधी पिता नरेश लोधी 22 साल निवासी ग्राम रैपुरा जिला पन्ना की तलाश की जा रही थी, जिसे गत 22 मार्च को मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफतार किया गया।

पूछताछ में आरोपी ने थाना रीठी, बिलहरी, बाकल एवं कटनी शहर के विभिन्न स्थानों से मोटरसाईकिल चोरी की घटना स्वीकार की तथा आरोपी से कुल 10 नग मोटर साईकिल बरामद की गई। उन्होंने बताया की आरोपी मनीष लोधी काफी शातिर किस्म का वाहन चोर है। जिसके विरूद्ध पूर्व से थाना रीठी में वाहन चोरी के 3 प्रकरण, थाना रंगनाथनगर में 1 प्रकरण, थाना माधवनगर में 2 प्रकरण, थाना कोतवाली तथा कुठला में 1-1 प्रकरण कटनी जिले में कुल 8 प्रकरण वाहन चोरी को पंजीबद्ध होना पाये गये हैं। आरोपी से वाहन चोरियों के संबंध में जानकारियां एकत्र कर आगे विवेचना की जा रही है। मामले में समीम खान पिता अजीम खान निवासी रैपुरा द्वारा चोरी का वाहनों क्रय करने पर मामले में 317 (2) बीएनएस का ईजाफा कर प्रकरण में आरोपी बनाया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी रीठी निरी मोहम्मद शाहिद, उनि दिनेश चौहान, उनि विनोद पटेल, सउनि जयचंद उईके, सउनि सुशील प्रजापति, प्रआर अजय मेहरा, प्र.आर. राम पाठक, आर. शमशेर सिंह, आर. नितेश दुबे, आशुतोष, आर. अमन, आर. विजय, आर. घनश्याम, आर. ज्ञानेंद्र, आर. शहंशाह, आर शुभम गौतम का विशेष योगदान रहा।



# शिविर में लोगों का हेल्थ चेकअप एवं प्रकरणों का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत गनियारी में 'संकल्प से समाधान' अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराते हुए ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा के विधायक संदीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ बृजनंदन पटेल, क्षेत्रीय संचालक, नान श्रीमती साधना परस्ते, एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी, जनपद पंचायत कटनी के सीईओ प्रदीप सिंह, तहसीलदार अतुलेश सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। शिविर के दौरान 21आवेदन प्राप्त हुये। सभी प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई एवं आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 142 ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान सामान्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, जिससे ग्रामीणों को शिविर स्थल पर ही उपचार का लाभ मिला।

## खबर संक्षेप

### नगर निगम में महापौर आज सुनेंगी नागरिकों की समस्याएं

**कटनी।** शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से महापौर जनसुनवाई का आयोजन आज 24 मार्च मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। महापौर जनसुनवाई के दौरान शहर के नागरिक अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन लेकर सीधे महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के समक्ष उपस्थित होकर अपनी बात रख सकेंगे। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुनना और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। जनसुनवाई के माध्यम से नगर निगम प्रशासन आम नागरिकों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि नगर निगम प्रशासन का प्रयास है कि शहरवासियों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और एक ही स्थान पर उनकी समस्याओं का समाधान हो सके।

### 3 लापता बालिकाओं एवं 2 गुमशुदा महिलाओं को किया दस्तयाब

**उमरियापान।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा अपहत अपहत एवं गुम इंसान की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। आदेश के पालन में थाना उमरियापान पुलिस की एक टीम अपहत बालिकाओं एवं गुमशुदा महिलाओं की दस्तयाबी हेतु जिला जबलपुर, खरगोन, पुणे महाराष्ट्र, औरंगाबाद, नागपुर, के लिये रवाना हुई थी जो रवाना की गई टीम के द्वारा अपहत बालिकाओं को एवं गुमशुदा महिलाओं को दस्तायाब किया गया । दस्तयाबी उपरांत अपहत बालिकाओं एवं गुमशुदा महिलाओं को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया । अपहत बालिकाओं एवं गुमशुदा महिलाओं के मिलने पर परिजनों ने थाना उमरियापान पुलिस के कार्य की सराहना की है। कार्यवाही में थाना प्रभारी महेंद्र जायसवाल, कार्य- उप निरीक्षक भरत सिंह मार्को, सहायक उप निरीक्षक कोदूलाल दाहिय, सउनि. गया प्रसाद मंगोरे, प्रधान आरक्षक आशीष झारिया, प्रधान आरक्षक अजय सिंह, आर योगेश पटेल एवं सायबर सेल कटनी से आर शुभम गौतम, अमित श्रीपाल, सतेन्द्र राजपूत की भूमिका रही है ।

### महिलाओं को बराबर की भागीदारी एवं अधिकार मिले

**कटनी।** रीठी अध्ययन केंद्र में सामूहिक परिचर्चा में राष्ट्रगीत व प्रेरणागीत के पश्चात जिन छात्रों की अपार आइडी नहीं बनी है उस पर चर्चा की गई और कक्षाओं का संचालन किया गया। इसके पश्चात विश्व जल दिवस पर परामर्शदाता शरद यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि 2026 का विषय "जल और लैंगिक समानता₹ हमें याद दिलाता है कि सुरक्षित जल तक पहुँच केवल पर्यावरण, बचत या फिर केवल टिकाऊ विकास का विषय नहीं है, बल्कि गरिमा, समानता और जिम्मेदारी का भी प्रश्न है। यह इस बात से भी जुड़ा है कि इसकी कमी होने पर सबसे ज़्यादा बोझ किस पर पड़ता है। संयुक्त राष्ट्र की 2026 की थीम इस बात पर ज़ोर देती है कि जल के अधिकार का मतलब है कि महिलाओं को बराबर की भागीदारी मिले, नेतृत्व का अधिकार मिले और जल से जुड़े निर्णयों में उन्हें समान अवसर मिलें। जल पर सबका अधिकार है, इसलिए इसमें सबकी आवाज शामिल होनी चाहिए। इससे पर्यावरण का संदेश और मजबूत होता है। यह विषय हमें समझाता है कि जल संकट सिर्फ पानी की कमी नहीं है। इसका असर शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, समय, अवसर और आत्म-सम्मान पर भी पड़ता है। इसी अवसर पर परामर्शदाता अमर बहादुर यादव ने भी सभी को जल के महत्व व उपयोग व उसे संरक्षित करने की बात कही। जल संरक्षण में सभी अपना सहयोग दें।

*दो घंटे की मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकला भेजा अस्पताल*

# ट्रेन के व्हीलबेस एक्सल में छिप गया युवक स्टेशन में दो घंटे तक मची रही अफरा तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रेलवे स्टेशन पर उस समय हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई जब ट्रेन संख्या 01143 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–दानापुर एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म पर पहुंची। ट्रेन के रुकते ही यात्रियों और मौजूद लोगों के बीच अचानक अफरा-तफरी मच गई। एक बदहवास युवक जो मैहर से कटनी तक ट्रेन के स्क्रू कपलिंग के बीच बैठकर खतरनाक सफर करते हुए पहुंचा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही लोगों की नजर युवक पर पड़ी, शोर मच गया। भीड़ और हलचल से भयभीत होकर युवक ट्रेन के नीचे उतर गया और सीधे व्हीलबेस एक्सल के बीच जाकर छिप गया। युवक की हरकत



देखकर यात्रियों में हड़कंप मच गया और लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। कई लोग इस घटनाक्रम का वीडियो भी बनाते नजर आए।

घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे प्रशासन तत्काल सक्रिय हो गया। ऑपरेटिंग स्टाफ, कमर्शियल विभाग, आरपीएफ, जीआरपी और सफाई कर्मियों की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। युवक की स्थिति असामान्य होने के कारण वह बाहर आने को तैयार नहीं हो रहा था, जिसके चलते उसे बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए उस पर पानी की बौछार भी की गई और कई प्रयासों के बाद आखिरकार करीब दो घंटे तक चले इस अभियान के बाद युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

प्राथमिक जानकारी में युवक की मानसिक स्थिति सामान्य नहीं बताई जा रही है, जिसके चलते उसने यह खतरनाक कदम उठाया। रेस्क्यू के बाद उसे तत्काल जिला चिकित्सालय भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है और मानसिक स्थिति की जांच भी की जा रही है। साथ ही उसकी पहचान और निवास संबंधी जानकारी जुटाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस पूरी घटना के चलते ट्रेन लगभग 2 घंटे विलंब से कटनी स्टेशन से रवाना हुई, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

स्टेशन प्रबंधक संजय दुबे ने बताया कि युवक सामान्य मानसिक स्थिति में नहीं लग रहा था और अचानक ट्रेन के नीचे जा घुसा था जिसे मशक्कत के बाद निकाला।

## जल का महत्व बताकर संरक्षण के लिये किया गया प्रेरित



जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था संस्कार युवा समिति बहोरीबंद द्वारा मुख्यमंत्री समुदाय नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम में अध्ययनरत बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू छात्रों के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश शासन के इस अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसमें तालाब, नदी, बावड़ी एवं अन्य जल स्रोतों का गहरीकरण एवं साफ–सफाईग्रामीणों के सहयोग से सामूहिक श्रमदान द्वारा किया जाना है।उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से वर्षा जल को संरक्षित कर धरातल के जल स्तर को बढ़ाया जा सकेगा, जो भविष्य में जल संकट को कम करने में सहायक होगा। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

# घर में अवैध व्यवसायिक सिलेंडर रखने पर संयुक्त जांच दल ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में एलपीजी गैस सिलेण्डरों के अवैध भण्डारण की रोकथाम हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर घनश्याम अलवानी के घर से गैस सिलेण्डरों का अवैध भण्डारण कर विक्रय करने की जांच अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रमोद कुमार चतुर्वेदी के निर्देशन में तहसीलदार संदीप सिंह, सहायक आपूर्ति अधिकारी पियूष कुमार शुक्ल एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी यज्ञदत्त त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

जांच के दौरान बाबा आत्माराम उदासीन गुरुदारा के सामने स्थित घनश्याम अलवानी के घर पर



व्यवसायिक प्रवर्ग का (19 कि.ग्रा. धारिता का) 1 सिलेण्डर पाया गया जिसमें लगभग 7 कि.ग्रा. गैस भरी हुई पाई गई।पूछतांछ करने पर घनश्याम अलवानी द्वारा व्यवसायिक गैस सिलेण्डर के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये और न ही व्यवसायिक गैस सिलेण्डर के सम्बंध में कोई समाधानकारक जवाब दिया गया। घनश्याम अलवानी द्वारा अनाधिकृत रूप से व्यवसायिक गैस सिलेण्डर का स्वयं के घर में भण्डारण करना पाये जाने पर 1 नग व्यवसायिक गैस सिलेण्डर जप्त कर उनके विरुद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस के प्रावधानों का उल्लंघन किये जाने के फलस्वरूप प्रकरण निर्मित किया गया।

*लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर की जाएगी सख्त कार्यवाही*

# ग्रीष्मकाल में कही भी न हो पेयजल की समस्या जल जीवन मिशन का कार्य युद्ध स्तर पर करें पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

ग्रीष्मकालीन समय शुरू हो गया है, ऐसे में बहोरीबंद का पठार अंचल सहित अन्य क्षेत्रों में पानी की विकराल समस्या उत्पन्न होती है। बहोरीबंद विकासखंड के इन क्षेत्रों मै पेयजल की किल्ल्त न हो इसके लिए सोमवार को विधायक प्रणय पांडेय ने जनपद सभागार बहोरीबंद में जल जीवन मिशन अभियान की समीक्षा की ओर पीएचई विभाग के अधिकारियो दिशा -निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान विधायक प्रणय पांडेय ने कहा कि निर्माणाधीन जल टंकियों का निर्माण कार्य, पाइप लाईन विस्तारीकरण के साथ हर घर टोटी लगे नल कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें, जिससे हर घर स्वच्छ जल पहुंच सके। इस दौरान विधायक ने



प्रत्येक ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायकों से पेयजल के संबंध में वन टू वन चर्चा कर ग्रामीणों को बेहतर पेयजल उपलब्ध कराने की बात कही। बैठक में उन्होंने कहा कि जहाँ भी पेयजल समस्या है उस ग्राम पंचायत के सरपंच -सचिव बेहिचक अपनी समस्या बताये। विधायक ने बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकासखण्ड के गांवों में संचालित नल-जल योजना किसी भी स्थिति में बंद नहीं रहना चाहिए। गर्मियों के इन दिनों में कहीं पर भी पेयजल की समस्या न हो। इसके लिए नल-जल योजना के खराब होने पर या बंद होने पर तत्काल उसके सुधार का कार्य किया जाए। इसी प्रकार हैंडपंप आदि के बंद होने पर उनका भी सुधार किया जाए। हैण्डपम्प यदि पाइप लाइन विस्तारीकरण की वजह से बंद है तो 1 सप्ताह अभियान चलाकर हैण्डपम्पो मै पाइपलाइन विस्तारीकरण करें।

इस दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सोनम राजेश चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश व्यौहार, एसडीएम राकेश चौरसिया,जनपद सीईओ अभिषेक कुमार, पीएचई एसडीओ मोहित तिवारी, उपयंत्री अनिल चुम्लके के अलावा अन्य अधिकारी कर्मचारियों सहित सभी ग्राम पंचायतों के सचिव रोजगार सहायकों सहित अन्य मैदानी कर्मचारी मौजूद रहे।

एसडीओ मोहित तिवारी ने बतलाया कि बहोरीबंद क्षेत्र में नल जल योजना 180 एकल परियोजना है जिनमें 74 परियोजना पूर्ण हो चुकी है,जबकि वहीं दूसरी ओर 80 परियोजना प्रगतिशील है तो वहीं 26 परियोजना अप्रारंभ है। 63 नल जल योजना पंचायतों के अधीन कर दी हैं।

**जंगलों के बीच बना हुआ है नागिन माता मंदिर, भक्तों की लगती है भीड़**

# नागिन माता मंदिर की महिमा एवं चमत्कारिक कुंड लोगों की आस्था के केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा तहसील मुख्यालय से करीब दस किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत झिन्नापिपरिया के दियागढ़ के घने जंगलों के बीच स्थित नागिन माता मंदिर आस्था और चमत्कार का अनोखा केंद्र बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह मंदिर वर्षों से श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का प्रतीक है और यहां घटित कई घटनाओं को भक्त माता की महिमा से जोड़कर देखते हैं। मंदिर के पुजारी गुरूदत्त ने बताया कि नागिन माता की प्रतिमा मूल रूप से पहाड़ी की चोटी पर लगभग दो किलोमीटर ऊपर विराजमान थी। वर्ष 1971 में भक्तों के निवेदन पर माता की प्रतिमा को पहाड़ी से नीचे स्थान पर लाकर विराजमान किया गया था । तब से यह स्थान श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख धार्मिक स्थल बन गया है।

### कुंडों में सदा रहता है पानी

मंदिर परिसर की एक विशेषता यहां बने



तीन प्राचीन कुंड हैं, जिसमें सदैव पानी भरा रहता है। भीषण गर्मी में भी इन कुंडों का जल स्तर कम नहीं होता। पहले दियागढ़ गांव के लोग इन्हीं कुंडों से पीने का पानी ले जाया करते थे। पुजारी ने बताया कि वर्ष 2007 में मंदिर परिसर में भागवत कथा का आयोजन कराया गया था। इससे पहले क्षेत्र में पानी की भारी समस्या थी और लगभग 25 बोरवेल खुदवाने के बाद भी पानी नहीं निकलता था। कथा के बाद से क्षेत्र में जलस्तर बढ़ा और अब 70 से 80 फुट की गहराई पर ही पर्याप्त पानी मिलने लगा है, जिसे ग्रामीण माता का आशीर्वाद मानते हैं।

### नवरात्र में लगती है भीड़

चैत्र नवरात्र के दौरान मंदिर में हर वर्ष लगभग 50 कलशों में जवारे बोए जाते हैं। इस दौरान दूर-दूर से श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं और मंदिर परिसर भक्तों से भरा रहता है। मंदिर से जुड़ी एक और रोचक मान्यता यह भी है कि रात के समय जंगल के जंगली जानवर बाघ, चीता और तेंदुआ,भी यहां आते हैं। स्थानीय लोग इसे माता के दरबार की शक्ति मानते हैं और कहते हैं कि मंदिर परिसर में किसी को कोई नुकसान नहीं होता।

### ऐसी है मंदिर की किवदंती

पुजारी गुरूदत्त का कहना है कि वे चारों धाम की यात्रा कर चुके हैं, लेकिन नागिन माता जैसी अनूठी बनावट की प्रतिमा उन्हें कहीं और देखने को नहीं मिली। उनका दावा है कि कटनी जिले में इस प्रकार की नागिन माता की प्रतिमा और मंदिर दियागढ़ में ही है। बताया जाता है कि अतीत में प्रतिमा को और नीचे ले जाने के कई प्रयास किए गए, लेकिन मूर्ति को हिलाया तक नहीं जा सका।

यहां तक कि वन विभाग ने भी एक समय मंदिर को हटाने का प्रयास किया था, परंतु वह सफल नहीं हो पाया। बाद में विभागीय अधिकारियों ने ही मंदिर के ऊपर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए छतरी बनवा दी।

आज यह नागिन माता मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि अपने चमत्कारिक कुंडों, प्राचीन प्रतिमा और प्राकृतिक परिवेश के कारण पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध हो चुका है। हर साल नवरात्र और अन्य पर्वों पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर माता के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की प्रार्थना करते हैं।

# जिले भर के 1713 आंगनवाड़ी केंद्रों में आज होंगे आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मंगलवार 24 मार्च को आंगनवाड़ी केंद्रो में पंजीकृत बच्चों के विद्यालय में प्रवेश उत्सव 'विद्यारम्भ' का आयोजन किया जा रहा है। विद्यारम्भ कार्यक्रम में पंजीकृत 5 से 6 वर्ष के बच्चों को प्राथमिक शाला में सहज रूप में स्थानांतरित करने और आंगनवाड़ी केंद्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से किया जायेगा। कार्यक्रम में 5 से 6 वर्ष के बच्चों को प्रारंभिक बाल्यावस्था पूर्ण करने सम्बन्धी प्रमाण पत्रों का वितरण किया जायेगा।

विद्यारम्भ कार्यक्रम का आयोजन जिले के समस्त 1713 आंगनवाड़ी केंद्रों में किया जायेगा। विद्यारम्भ के माध्यम से ज़िलें के आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 19 हजार 866 बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों से प्राथमिक शाला में सहज रूप से स्थानांतरित करने के उद्देश्य से विद्यारम्भ प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाएंगे।

विद्यारम्भ कार्यक्रम में आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत नन्हे-मुन्ने बच्चे अभिभावकों के साथ सम्मिलित होंगे। विद्यारम्भ कार्यक्रम में सम्मिलित होने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पीले चावल देकर एवं आकर्षक आमंत्रण पत्र के माध्यम से बच्चों के अभिभावकों को आमंत्रित किया जा रहा है।

श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, कटनी द्वारा अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में बच्चों के साथ विद्यारम्भ कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की गई है।

## खबर संक्षेप

### चार जुआरी पकड़ाये, नकदी सहित बाइक एवं मोबाइल जब्त

**कटनी।** एन.के.जे. पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम देवराखुर्द में दबिश देकर जुआ खेल रहे चार जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना मिली कि ग्राम देवराखुर्द स्थित सामुदायिक भवन के पीछे कुछ लोग अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक करने के बाद प्रधान आरक्षक शैलेश दमोहिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देख जुआरियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद पुलिस टीम ने चारों तरफ से घेराबंदी कर उन्हें धर दबोचा। पकड़े गए जुआरियों में सुमेरा केवट 48 वर्ष निवासी मुडेहरा, थाना बडवारा। सतपाल दुबे 40 वर्ष निवासी जुहला थाना एन.के.जे.। आश्विनी दुबे 48 वर्ष निवासी जुहली थाना एन.के.जे.। बच्चू निषाद 62 वर्ष निवासी बड़ी खिरहनी थाना एन.के.जे. शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और नकदी 890 रूपए एवं 52 ताश के पत्ते जब्त किये। इसके अलावा एक मोटरसाइकिल क्रमांक MP 21 ML 0180, तीन स्मार्टफोन भी जब्त किए हैं।

### युवक के पास से सुअर मार बम किया जब्त

**कटनी।** सुअर मार बम लेकर घूम रहे एक बदमाश को रंगनाथ नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अरुण पाल सिंह ने बताया कि गत 21 मार्च को जब रंगनाथ नगर थाने की पुलिस क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रही थी इसी दौरान सूचना मिली की एक बदमाश नया गांव लखेरा पाण्डेय का बगीचा के पास एक देशी सुअर मार बम लिये अपराध करने के इरादे से घूम रहा है। रंगनाथनगर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुच कर बदमाश को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पकड़े गए प्रकाश उर्फ पिक्कू पाण्डेय के पास मिली पन्नी में देशी सुअर मार बम पाया गया। पकड़े गए आरोपी के विरूध्द 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत पंजीबध्द किया गया। उप.निरी. अरूणपाल सिंह थाना प्रभारी रंगनाथनगर, सउनि बहादुर सिंह, प्र.आर. अजय तिवारी, प्र.आर. प्रमोद पाठक, प्र.आर. पवन पाठक, प्र.आर. महेन्द्र दुबे, प्र.आर. रामनरेश शुक्ला, आर. रोशन यादव, बृजेश यादव, म.आर. रूचिका अग्रहरि, एनआरएस योगेश की भूमिका रही।

### अलग अलग स्थाना से जब्त की गई शराब

**कटनी।** विजयराघवगढ़ एवं बरही पुलिस ने अलग अलग स्थाना से अवैध शराब जब्त की है। जानकारी के अनुसार विजयराघवगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम देवसरी इंदौर में एक व्यक्ति अपनी बाड़ी में अवैध रूप से शराब का भंडारण कर उसे खपाने की फिराक में है। पुलिस ने सूचना के आधार पर गंगाराम पटेल 48 वर्ष की बाड़ी में दबिश दी। तलाशी के दौरान वहां से 14 पाव देशी प्लेन शराब और 06 पाव लाल मसाला शराब बरामद हुई जिसकी अनुमानित कीमत 2,000 बताई जा रही है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(ए) आबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। इसी तरह बरही पुलिस ने हरईं टोला बरन महगवां क्षेत्र में दौलत सिंह गोंड 33 वर्ष को उसके घर के पास संदिग्ध अवस्था में घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखी गई 16 पाव देशी प्लेन शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### बका सहित युवक गिरफ्तार

**कटनी।** विजयराघवगढ़ पुलिस ने ग्राम खरखरी प्रेमनगर में एक युवक को बका के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम खरखरी स्थित चाय दुकान के पास एक युवक हाथ में धारदार हथियार लेकर घूम रहा है, सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर युवक को काबू में किया। तलाशी लेने पर उसके पास से बड़ा और धारदार बका बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मुकेश भुमिया पिता रामप्रसाद भुमिया 26 वर्ष बताया, जो कि ग्राम खरखरी का ही निवासी है।

---

बहोरीबंद विकासखंड के क्षेत्रों का विधायक एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने किया निरीक्षण

# बारिश और ओलावृष्टि से तबाह हुई फसलों का खेतों में पहुंचकर लिया जायजा, बंधाया ढांढस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद





बीते दिनों जोरदार बारिश व ओलावृष्टि से प्रभावित हुई फसलों की स्थिति का जायजा लेने किसानों की मांग पर सोमवार को विधायक प्रणय पांडेय बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम राकेश चौरसिया, नायब तहसीलदार राजकुमार नामदेव, हल्का पटवारी मौके पर मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रणय पांडेय कूड़ा, मसंधा, छपरी एवं बाकल पहुँचे।जहां खेतो मै जाकर गेंहू की प्रभावित फसल का निरीक्षण किया।जहाँ कृषको ने विधायक को फसल नुकसान दिखलाई।

#### किसानों ने बताई अपनी व्यथा

कृषकों ने बतलाया कि बारिश व तेज हवाओं के कारण फसल खेतो में बिछ गई है जिससे नुकसान हुआ है। चार की मेहनत बेकार चली गईं है। किसान कर्जा के बोझ तले दबे हुआ है। कैसे आगे जीविकोपर्जन होगा। बच्चों की शादी व पढ़ाई लिखाई नही हो पायेगी!इसलिए फसल क्षति का सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति राशि किसानों को दी जाये। किसानों की पीड़ा सुन व फसल क्षति देख विधायक ने एसडीएम को आदेशित किया कि फसलों को हुए संभावित नुकसान का आंकलन करने के लिए सर्वे दल गठित कर सर्वे कराये। सर्वे दल के द्वारा सर्वे कार्य पूर्ण कर फसलों को हुई क्षति का वास्तविक आंकलन कर रिपोर्ट तैयार करें जिससे आगामी कार्यवाही की जा सके। उन्होंने सर्वे दल को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सर्वे में किसी भी वास्तविक पात्र किसान का नाम छूटने न पाए।

#### बारिश व ओलों से बिछी फसलें

गौरतलब है शुक्रवार की शाम तेज बारिश ओर ओलावृष्टि से बहोरीबंद के कूड़ा मर्दानागढ़, बाकल, इमालिया, पटोरी, पटीराजा सहित अन्य गावों में बेर आकार के ओले गिरे थे । गांवों के खेतों में कटी फसल गीली हो गई, वहीं खड़ी फसल पानी-ओले की वजह से पूरे खेत में बिछ गई। इसके अलावा कई जगहों पर तो ओले के कारण चने घेटियां गिर गई, वहीं गेहं की बालियां टूट गई थी। ग्राम छपरी के किसान बहादुर पटेल, नरेश पटेल, कोदू सिंह ठाकुर, अरविंद पटेल, अरविंद ठाकुर, संजय राजपाल, मुकेश ठाकुर, राहुल ठाकुर, रमेश साहू सहित अन्य किसानो ने फसल की नुकसानी स्थिति देख 21मार्च को विधायक प्रणय पांडेय के आवास पहुंचकर भेंट की ओर बारिश, तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि से हुई फसल नुकसानी को लेकर गंभीरता पूर्वक समस्या बताई ओर शीघ्र फसल नुकसानी का सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति राशि दी जाने की मांग की।

#### इनका कहना है

एसडीएम राकेश चौरसिया का कहना है कि विधायक के साथ बारिश ओर ओलावृष्टि से हुए फसल नुकसान का निरीक्षण खेतों में जाकर किया गया। राजस्व व कृषि विभाग का अमला खेतों में जाकर नुकसानी आंकलन कर रहा। वास्तविक जाँच रिपोर्ट आते ही किसानों को क्षतिपूर्ति राशि मिले जाँच रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी जाएगी।

---




## जागरूकता रैली व श्रमदान से जल का महत्व की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कूड़ा मर्दानगढ़ में विश्व जल दिवस के अवसर पर सोमवार को जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।प्राचार्या इंदु पांडेय ने छात्राओं और स्टाफ को जल संचयन, संरक्षण और संवर्धन की शपथ दिलवाई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पानी की एक-एक बूंद की कीमत है। जल के महत्व को समझते हुए जल को अनावश्यक नहीं बहाएंगे और न किसी को बहाने देंगे। क्योंकि जल के बिना व्यक्ति का जीवन शून्य है। विश्व जल दिवस पर हम स्वयं जागरूक रहें और अपने आसपास के लोगों को भी जल का उपयोग आवश्यकतानुसार करने के लिए प्रेरित। साफ और स्वच्छ जल हम सबको तभी उपलब्ध होगा जब हम जल को स्वयं संरक्षित करें। इसलिए सबका दायित्व है कि जल बचाने के साथ-साथ उसके रखरखाव पर भी ध्यान दें।क्योंकि बढ़ती आबादी और बढ़ती पानी की मांग ने हम सबको सावधान, जागरूक रहने के लिए सचेत किया साथ ही जल संरक्षण को लेकर शपथ दिलाई गईरैली निकाल दिया जल संरक्षण का संदेश_इसके बाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कूड़ा का वसुंधरा यूथ एंड ईको क्लब के द्वारा जागरूकता रैली निकाल जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा मैं प्रेरित कियारैली से संदेश दिया गया कि अभी सजग नही हुए तो आने वाली पीढ़ी शुद्ध पेयजल के तरस जायेगी।नदियों, कुआं,सरोवरों एवम अन्य प्राकृतिक जल संरचनाओं को संवारने के लिए केवल सरकार के भरोसे न रहकर स्वय जागरूक होना होगा।हमे गांव वाली संस्कृति मैं लौटना होगा,आज बटन से पानी आ रहा है,मेहनत से नही।इसलिए इसका महत्व नही पीढ़ी नही समझ रही है।पानी की बर्बादी भी बहुत हो रही है और उस अनुपात मैं संरक्षण नही हो पा रहा है।

---

चंडी माई मंदिर में देवी भागवत नवाहयज्ञ का हो रहा आयोजन

## ब्रह्म, विष्णु और शंकर आदिशक्ति की शक्ति से ही करते है सृष्टि का संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



स्लीमनाबाद स्थित चंडी माई मंदिर मे देवी भागवत नवाहयज्ञ चल रहा जिसमे देवी कथा का वाचन पंडित दिलीप पौराणिक के मुखारविंद से किया जा रहा है। कथा के पांचवे दिवस सोमवार को माँ आदिशक्ति के जन्मोत्सव की कथा जनमानस को श्रवण कराई गई।

कथा वाचक ने कहा कि असुरों के अत्याचार से देवता परेशान हो गए थे तब देवता ब्रह्माजी के पास गए और उनसे समाधान मांगा।तब ब्रह्माजी ने बताया की दैत्यराज को यह वर प्राप्त है कि उसकी मृत्यु किसी कुंवारी कन्या के हाथ से होगी, तो सब देवताओं ने अपने सम्मिलित तेज से देवी के इन रूपों को प्रकट किया। विभिन्न देवताओं की देह से निकले हुए इस तेज से ही देवी के विभिन्न अंग बने। भगवान शंकर के तेज से देवी का मुख प्रकट हुआ, यमराज के तेज से मस्तक के केश, विष्णु के तेज से भुजाएं, चंद्रमा के तेज से स्तन, इंद्र के तेज से कमर, वरुण के तेज से जंघा, पृथ्वी के तेज से नितंब, ब्रह्मा के तेज से चरण, सूर्य के तेज से दोनों पौरों की ऊंगलियां, प्रजापति के तेज से सारे दांत, अग्नि के तेज से दोनों नेत्र, संध्या के तेज से भौंहें, वायु के तेज से कान तथा अन्य देवताओं के तेज से देवी के भिन्न-भिन्न अंग बने हैं। फिर शिवजी ने उस महाशक्ति को अपना त्रिशूल दिया, लक्ष्मीजी ने कमल का फूल, विष्णु ने चक्र, अग्नि ने शक्ति व बाणों से भरे तरकश, प्रजापति ने स्फटिक मणियों की माला, वरुण ने दिव्य शंख, हनुमानजी ने गदा, शेषनागजी ने मणियों से सुशोभित नाग, इंद्र ने वज्र, भगवान राम ने धनुष, वरुण देव ने पाश व तीर, ब्रह्माजी ने चारों वेद तथा हिमालय पर्वत ने सवारी के लिए सिंह प्रदान किया। इसके अतिरिक्त समुद्र ने बहुत उज्जवल हार, कभी न फटने वाले दिव्य वस्त्र, चूड़ामणि, दो कुंडल, हाथों के कंगन, पैरों के नूपुर तथा अंगुठियां भेंट कीं। इन सब वस्तुओं को देवी ने अपनी अठारह भुजाओं में धारण किया। कथा वाचक ने कहा कि मां दुर्गा इस सृष्टि की आद्य शक्ति हैं यानी आदि शक्ति हैं। ब्रह्माजी, भगवान विष्णु और भगवान शंकरजी उन्हीं की शक्ति से सृष्टि की उत्पत्ति, पालन-पोषण और संहार करते हैं। अन्य देवता भी उन्हीं की शक्ति से शक्तिमान होकर सारे कार्य करते हैं। कथा वाचक ने जैसे ही आदिशक्ति के जन्मोत्सव की कथा सुनाई समूचा कथा परिसर जन्मोत्सव के आनंद में रम गया।

---

### वीरासन देवी मंदिर में भजनों का आयोजन, चुनरी यात्रा आज



मां वीरासन में चैत्र नवरात्र के दौरान रोज आरती के बाद भजन संध्या का आयोजन चल रहा है । तिलमन ,पाली , नेगाई, सिलौंडी की भजन मंडली ने एक से एक भजनों से लोगों का मन मोह लिया। विगत रात्रि सिलौंडी की पाल भजन मंडली ने अपने भजनों से लोगों मन मोह लिया । तिलमन की मुख्य पुजारी सौरभ दुबे ,गणेश बागरी की भजन मंडली,विक्की साहू नेगाई,महेंद्र पाल, बली राम गाडरी ,संतोष पाल ,संत पाल सिलौंडी सहित अनेक भजन गायकों ने अपने भजनो से लोगों का मन मोह लिया ।दोपहर में पंचमुखी सेवा न्यास और सेवा भारती के माध्यम से नवरात्र के दौरान रोज भंडारा जारी है। सिलौंडी में आज मंगलवार को सुबह 8 बजे इंदिरा आवास कॉलोनी से मां वीरासन देवी मंदिर तक भव्य चुनरी यात्रा पैदल निकली जाएगी । लगभग 8 किलोमीटर की पैदल यात्रा में भक्त 90 लंबी चुनरी लेकर मां वीरासन देवी को अर्पित करेंगे ।पिछले कई सालों से हर वर्ष चैत्र नवरात्र में भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाती है ।

---

## जिले की टीबी मुक्त हुईं पंचायतों को किया जाएगा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विश्व क्षय दिवस के अवसर पर मंगलवार 24 मार्च को कलेक्ट्रेवट कार्यालय के नवीन सभागार में दोपहर 1.15 बजे से राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की 'टीबी मुक्त' घोषित ग्राम पंचायतों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

केंद्र एवं राज्य क्षय मुख्यालय, भोपाल द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप वर्ष 2025 की स्थिति में विकासखंड कटनी की ग्राम पंचायत भनपुरा नं. 2, बिचुआ, डिठवारा, हरदुआ, हीरापुर कौड़िया, कछारगांव जोबा, कन्हवारा, खमतरा कूडो, मतवार पडरिया, पटवारा, पिलौंजी, पूछी एवं सरसवाही को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। इसी प्रकार विकासखंड विजयराघवगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत कांटी, कुंदरेही, पड़खुरी, पथरहटा एवं रजरवारा क्र. 1को टीबी मुक्त घोषित किया गय है। जबकिविकासखंड ढीमरखेड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत आमाझाल, बरेली, बरही, भटगवां, गूढ़ा, कनौजा, खमतरा, खंदवारा, लालपुर, मुरवारी, पहरूआ, पाली, पिपरिया सहलावन,पिपरिया शुक्लर, पौंडी खुर्द, सागौना,सैलारपुर एवं ठिर्री को टीबी मुक्ति घोषित किया गया है। वहींविकासखंड बहोरीबंद के अंतर्गत ग्राम पंचायत बासन, मसंधा, निमास एवं पड़वार और विकासखंड रीठी के अंतर्गत ग्राम पंचायत कठौतिया, रैपुरा एवं

---

शासकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

## विद्यार्थियों को जैव उर्वरक एवं फसलों में रोग नियंत्रण का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को प्राचार्या डॉ सरिता पांडे के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण शासन द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के क्रम में कम लागत से अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत जैव उर्वरकों एवं जीवाणु कल्चर का उपयोग का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

इसके अंतर्गत उर्वरता के प्रबंधन और पोषक तत्वों के निरंतर उपलब्धता बनाए रखने हेतु जैव उर्वरकों जैसे राइजोबियम एजैक्टोबेक्टर आदि अत्यंत उपयोगी आदान है स्थानीय जलवायु के आधार पर कुछ ऐसे सूक्ष्मजीवों द्वारा उर्वरक तैयार किए जा रहे हैं जो अलग-अलग स्थान और जलवायु में कारगर सिद्ध हुए हैं। यह जीवाणु आदान अधिक प्रभावित हैं अतः खेती की प्रत्येक अवस्था में तथा सभी फसलों में इनका प्रयोग करना सुनिश्चित करें।

नत्रजन स्थिरीकरणकरने वाले जैव उर्वरक के अंतर्गत दलहनी फसलों के लिए राइजोबियम सूक्ष्मजीवाणु तथा गैर दलहनी फसलों के लिए अजेक्टोबैक्टर एजोस्पैरिलियम ऐसी टो बैक्टर एजोला एवं नील हरित शैवाल आदि उपयोग में लाते हैं जो मृदा में वायुमंडलीय नाइट्रोजन स्थिरीकरण करके पौधों को उपलब्ध कराने में सहयोग करते हैं। इसके अतिरिक्त फास्फोरस घोलक प्रदान करने वाले जैव उर्वरक फास्फेटिका तथा फास्फोरस अवशोषक का कार्य करने वाले माइक्रोराइजा का उपयोग फसलों में बीज उपचार भूमि उपचार जड़ एवं कंद उपचार तथा नर्सरी उपचार का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

#### रोग नियंत्रण की दी जानकारी

प्रशिक्षण में उगरा जड़ सड़न पौध गलन कंडवा आदि रोगों के नियंत्रण के लिए जैविक फफूंद नाशक दवा ट्राई कोडरमा विरडी की जानकारी दी गई।

---

### आज यहां लगेगे शिविर

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में ₹संकल्प से समाधान अभियान₹ का तृतीय चरण चल रहा है। इसी क्रम में आज मंगलवार 24 मार्च को विकासखंड बड़वारा, कटनी (एम कार्पोरेशन) और रीठी में शिविर आयोजित किये जायेंगे। जबकि गुरूवार 26 मार्च को विकासखंड बहोरीबंद में शिविर आयोजित किया जाएगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत छपरा
जनपद पंचायत बहोरीबंद
जिला - कटनी (म. प्र)

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है वित्तीय वर्ष 2026-27 ग्राम पंचायत छपरा की बाजार नीलामी दिनांक 25 मार्च को दोपहर 12 बजे से कार्यालय ग्राम पंचायत छपरा में की जाएगी। नीलामी की सम्पूर्ण शर्ते व नियम ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर देखी जा सकेंगी। नीलामी संबंधित अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत छपरा का होगा।

| सरपंच | सचिव |
|---|---|
| सुषमा नीरज गुप्ता | विजय कोरी |

---

निगमायुक्त ने विभागीय योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा कर दिये निर्देश

## योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रकरणों में कोताही नहीं बरतने कड़ी ताकीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने सोमवार को नगर निगम के एम आई सी सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न शाखाओं के लंबित प्रकरणों, शासन की प्राथमिक योजनाओं तथा जनहित से जुड़े कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विभागीय प्रकरणों की संपूर्ण जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। बैठक में राजस्व वसूली, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, निर्माण कार्यों तथा अन्य विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को लंबित मामलों एवं आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ग्रीष्मकाल के दौरान नागरिकों को पेयजल आपूर्ति की समस्या का सामना न करना पड़े इस हेतु समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश निगमायुक्त द्वारा जल प्रदाय शाखा के अधिकारियों को देते हुए नगर के लीकेज पाइप लाइन मरम्मत, बिगड़े हैंडपंपों का प्राथमिकता से सुधार कार्य सहित नगर के विभिन्न वार्डों में चल रहे पाईपलाईन के विस्तार कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान वार्डो में प्रेशर की समस्या का निराकरण कराने, प्रति वर्षानुसार किराये से टैंकर लिये जाने कार्यवाही पूर्ण करने सहित अन्य सभी आवश्यक तैयारियों की प्लानिंग कर प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराने के भी निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने अधिकारियों को जन सुरक्षा से जुड़े शहर के समस्त व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, बहुमंजिला भवनों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में फायर सेफ्टी मानकों का पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिन संस्थानों में अग्नि सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं हैं या मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाते हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित करने के साथ ही शहर में विकसित हो रही अनधिकृत कॉलोनियों पर विशेष निगरानी रखने के साथ ही बिना अनुमति के प्लॉटिंग एवं निर्माण कार्य करने वालों के विरुद्ध एफ.आई.आर की कार्यवाही करते हुए संबंधित क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। निगमायुक्त ने आवासीय क्षेत्रों में संचालित हो रहे कबाड़ व्यवसाय पर भी नियमानुसार कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान नगर के हितग्राहियों को 15 हजार, 20 हजार एवं 50 हजार रुपये हेतु ब्याज रहित ऋण उपलब्ध कराने की कार्यवाही में संतोषजनक प्रगति नहीं पाए जाने पर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा गहन नाराजगी व्यक्त की जाकर योजना के प्रभारी यश रजक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने वार्डवार फगिंग एवं कीटनाशक दवाओं के छिड़काव का अभियान जारी रखने, सार्वजनिक मार्गो में विचरण करने वाले आवारा मवेशियों पर नाराजगी जाहिर की तथा पुनः वृहद अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

कार्यालय ग्राम पंचायत अंतर्वेद
जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा जिला कटनी (म०प्र०)

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अंतर्वेद अंतर्गत सोमवार को लगने वाली साप्ताहिक बैठकी बाजार एंव पशु बाजार की बैठकों की फीस वसूली एवं पंजीयन फीस वसूली की वर्ष 2026-27(1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक) हेतु 28 मार्च 2026 दिन शनिवार समय 11 बजे दिन से ग्राम पंचायत भवन में नीलामी की जावेगी।

नीलामी बोली लगाने वाले इच्छुक व्यक्ति समय पर पंहुच कर बोली लगा सकते है। नीलामी बोली लगाने हेतु अग्रिम राशि जमा करना होगा।

पशु पंजीयन फीस वसूली हेतु -90000/-रु जमा करना होगा
साप्ताहिक बैठकी बाजार वसूली हेतु- 6000/-रु जमा करना होगा

नीलामी बोली समाप्त होने पर 50 प्रतिशत राशि तत्काल जमा करना होगी, राशि समयावधि के अंदर जमा करनी होगी। समयावधि पर राशि जमा न करने पर नीलामी ठेका निरस्त करते हुये, पुनः नीलामी की जावेगी। नीलामी में होने वाली क्षति बतौर बकाया के बसूली की जावेगी।

नीलामी की शर्तें एवं नियम कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है।
नियम एवं शर्तों में परिवर्तन करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा एवं पंचायत का निर्णय ही सर्वमान्य तथा अंतिम होगा।

| श्री युजवेन्द्र कोरी | श्री गोकरण मिश्रा | श्री जयराम कोल | मनोज कुमार लोधी |
|---|---|---|---|
| मुख्य कार्यपालन अधिकारी<br>जन. पंचा. ढीमरखेड़ा | सरपंच<br>ग्राम पंचायत अंतर्वेद | उपसरपंच<br>ग्राम पंचायत अंतर्वेद | सचिव/ ग्रा०रो० सहा०<br>ग्राम पंचायत अंतर्वेद |

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत अंतर्वेद (गनियारी)

हादसे के बाद कंटेनर ट्रक के पीछे के दो टायर व अन्य पार्ट्स चोरी, कई दिनों तक पुलिस वाहनों को नहीं लेती अभिरक्षा में

# हाइवे पर खड़ा दुर्घनाग्रस्त कंटेनर ट्रक के दो टायर चोरी, आधी सड़क पर खड़े होने से हादसे का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तेंदूखेड़ा





तेंदूखेड़ा ब्लॉक में सड़क हादसों के बाद तेन्दूखेड़ा पुलिस की लगातार बड़ी लापरवाही सामने आ रही है दुर्घटनाग्रस्त वाहनों की सुरक्षा के प्रति उदासीनता के चलते चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि 24 घंटे चलने वाले हाईवे मार्गों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं हालत यह है कि हादसे के बाद कई दिनों तक वाहन घटनास्थल पर ही लावारिस पड़े रहते हैं, जहां से चोर उनके पार्ट्स ले जाते हैं स्थानीय नागरिकों और राहगीरों का कहना है कि सड़क किनारे खड़े क्षतिग्रस्त वाहन बड़े हादसों को न्योता दे रहे हैं। नियमानुसार, दुर्घटना के तुरंत बाद पुलिस को वाहन अपनी कस्टडी में लेना चाहिए, लेकिन तेंदूखेड़ा क्षेत्र में ऐसा नहीं हो रहा है हादसों के बाद वाहन 24 घंटे से लेकर तीन चार दिन तक सड़क किनारे पड़े रहते हैं और अन्य हादसों को न्योता देते हैं 24 घंटे के अंदर कार्रवाई नहीं होती प्रशासन की इस चुप्पी से न केवल जनता की संपत्ति का नुकसान हो रहा है, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं क्योंकि क्षेत्र में ऐसी कई घटनाएं सामने आ चुकी है जहां सड़क हादसों के बाद वाहनों के पार्ट्स चुराकर चोर ले जाते हैं घटनास्थल पर सिर्फ वाहनों के ढांचा ही नजर आता है

### घटना के चार दिन बाद भी सड़क पर खड़ा हादसाग्रस्त ट्रक

तीन चार दिन पहले शुक्रवार को नगर से लगभग 7 किलोमीटर दूर तेन्दूखेड़ा पाटन मार्ग पर स्थित एक टावर के पास शुक्रवार रात्रि करीब 10:30 बजे एक गंभीर सड़क दुर्घटना घटित हुई थी नागालैंड पासिंग के एक रेफ्रिजरेटर कंटेनर 16 चक्का ट्रक क्रमांक एन एल 01 एल 8113 जिसमें मटर भरा था ने सड़क किनारे खड़े एक डंपर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कंटेनर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और खड़ा डंपर सड़क से नीचे खाई में जा गिरा। इस दुर्घटना में कंटेनर के चालक एवं क्लीनर को गंभीर रूप से घायल हुए, जिनका उपचार जबलपुर में चल रहा है। दुर्घटना के चार दिन बाद भी पुलिस ने घटनास्थल से दुर्घनाग्रस्त ट्रक को मार्ग हटाया नहीं गया है जिसके कारण अन्य राहगीरों को हादसे का भय बना रहता है क्योंकि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक का आधा हिस्सा बीच सड़क पर है वहीं कंटेनर ट्रक के दो टायर सहित अन्य पार्ट्स चोरी होना पाया गया है जहां पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था व निगरानी की एक बार पोल खोलकर रख दी है। घटना स्थल पर नरगुंवा ग्राम के एक व्यक्ति द्वारा रात्रि में कंटेनर की निगरानी की जा रही थी, बावजूद इसके सोमवार की रात्रि 2:00 बजे से 4:00 बजे के बीच अज्ञात चोरों द्वारा कंटेनर के दो टायर चोरी कर लिए गए। सुबह लगभग 4:00 बजे जब निगरानी कर रहे व्यक्ति की नजर कंटेनर पर पड़ी, तब इस चोरी की घटना का पता चला। यह पहली बार नहीं है जब दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से इस प्रकार की चोरी हुई हो। पूर्व में भी अज्ञात तत्वों द्वारा ऐसे कई मामलों को अंजाम दिया जा चुका है। पुलिस को इस प्रकार की घटनाओं की जानकारी होने के बावजूद, वाहन मालिक की लापरवाही के कारण स्थिति और जटिल हो गई उल्लेखनीय है कि जिस स्थान पर यह कंटेनर खड़ा है, वह तेंदूखेड़ा-जबलपुर मुख्य मार्ग है, जहां यह आंशिक रूप से सड़क को अवरुद्ध कर रहा है। इससे यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटनाओं की संभावना भी बनी हुई है।

### पुलिस की लापरवाही

अनेक इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं जहां घटना के एक एक सप्ताह तक घटनास्थल पर छतिग्रस्त वाहन पड़े रहते हैं जिससे हादसों का डर भी बना रहता है साथ ही इन वाहनों की सामग्री भी चोरी हो जाती है चोरों द्वारा रात के वक्त इन वाहनों की सामग्री चोरी की जाती है जब मार्ग पर सुनसान होता है और डर के कारण इन मार्गों से निकलने वाले वाहन व राहगीर रुकते नहीं है या फिर वाहनों की लाइट देखकर चोर झाड़ियों व पेड़ों की आड़ में छिप जाते हैं और वाहनों की सामग्री चोरी कर ले जाते हुए लेकिन इस और पुलिस की पड़ी लापरवाही व अनदेखी है जिसके कारण इस तरह की घटनाएं क्षेत्र में लगातार हो रही है

### नगर वासियों का आरोप

वहीं नगरवासियों का कहना है कि पुलिस नगर की समस्यायों पर ध्यान नहीं दे रही है आए दिन मुख्य मार्ग पर जाम जैसे हालत निर्मित हो रहे हैं सड़क के दोनों ओर हाथ ठेलो का कब्जा है सड़क पर लोगों के वाहन खड़े किए जा रहे हैं दुकानदारों ने सड़क तक अपनी सामग्री रखकर कब्जा किए हैं लेकिन पुलिस द्वारा नगर की यातायात व्यवस्था बनाए रखने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है पुलिस की अनदेखी से ही हादसा ग्रस्त वाहनों के टायर व अन्य पार्ट्स चोरी हो रहे हैं जबकि नियम तहत जब हादसा घटित होता है तो उसी समय तत्काल पुलिस को इन वाहनों को बरामद व अभिरक्षा में लेकर थाना में सुरक्षित रखवाना चाहिए था पर पुलिस द्वारा ऐसा नहीं किया गय।

### इनका कहना है

थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक बृजेश तिवारी ने बताया कि कंटेनर ट्रक मालिक को लगातार फोन करके बताया गया की ट्रक को उठाने की व्यवस्था करें या कर्मचारी भेजें साथ ही उन्हें चोरी की घटनाओं के बारे में भी बताया गया उन्होंने कहा अभी किसी को भेज रहे है 2 घंटे में आ रहे है कल आ रहे है बावजूद वाहन मालिक ने किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया पुलिस ने ट्रक को उठवाने के लिए मशीन तक भिजवाई लेकिन भारी भरकम होने के कारण उक्त कंटेनर ट्रक टस का मस भी नहीं हुआ टायरों की चोरी की एफआईआर दर्ज कर ली गई है पतासाजी की भी जा रही है।

### इनका कहना है

इस संबंध में थाना प्रभारी रविंद्र बागरी ने बताया कि पुलिस द्वारा लगातार दो दिनों तक प्रयास किए गए तथा कंटेनर मालिक को कई बार सूचना दी गई, लेकिन उनकी ओर से कोई सहयोग प्राप्त नहीं हुआ। परिणामस्वरूप सोमवार रात्रि को चोरी की यह घटना घटित हो गई। नगर में पर्याप्त संसाधनों की कमी के चलते पुलिस व्यवस्था नहीं कर पाई।

जबेरा जनपद में भ्रष्टाचार की बानगी

# फर्जी मस्टर रोल से लाखों की निकासी का हुआ खेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबेरा

मध्य प्रदेश के दमोह जिले के जबेरा जनपद क्षेत्र से एक गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है, जो पंचायत स्तर पर चल रहे कथित भ्रष्टाचार की पोल खोलता नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत नोहटा और ग्राम पंचायत हरदुआ सुमेर में संचालित कार्यों के नाम पर फर्जी मस्टर रोल तैयार कर सरकारी राशि निकालने की तैयारी की जा रही है। आरोप है कि बिना वास्तविक मजदूरों के ही कागजों में नाम दर्ज कर मस्टर रोल जारी किए जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि जिन मजदूरों के नाम पर भुगतान दर्शाया जा रहा है, उन्हें स्वयं इस बात की जानकारी तक नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि जो काम पहले किया जा चुके हैं उन्हीं कामों पर दोबारा नए पैसे निकालने की योजना तैयार कर दर्शाया जा रहा है लेकिन इस समय मौके पर किसी भी प्रकार का कार्य दिखाई नहीं देता, लेकिन दस्तावेजों में कार्य पूर्ण दिखाकर भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। इस पूरे मामले में सरपंच, सचिव और संबंधित कर्मचारियों की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक पहुंचने के बजाय कागजी खानापूर्ति तक सीमित होकर रह गया है। इससे न केवल शासन की योजनाओं की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं, बल्कि ग्रामीण विकास कार्यों की विश्वसनीयता भी प्रभावित हो रही है। सबसे बड़ा सवाल जनपद पंचायत जबेरा के जिम्मेदार अधिकारियों, विशेषकर सीईओ की कार्यप्रणाली पर उठ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी अनियमितता अधिकारियों की जानकारी के बिना संभव नहीं है, इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है।

ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है, ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके और भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सके। यदि समय रहते इस मामले में हस्तक्षेप नहीं किया गया, तो शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की पारदर्शिता और प्रभावशीलता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगना तय है।

खड़ी फसल के बीच अंतिम संस्कार, हादसे का खतरा बरकरार

# गांव में नहीं है शमशान, खेतों में दाह संस्कार करने मजबूर ग्रामवासी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबेरा

नगर जबेरा से सटा हुआ ग्राम बंधना जो की जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत मुंडेरी के अंतर्गत आता है सोचनीय बात यह है कि इस ग्राम में आज भी श्मशान घाट नहीं है ग्राम में श्मशान घाट का ना होना ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बना हुआ है स्थिति यह है कि किसी भी व्यक्ति की मृत्यु होने पर ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए निजी खेतों का सहारा लेना पड़ता है जिससे हर समय आगजनी जैसे बड़े हादसे का खतरा भी बना रहता है। अभी हाल ही में ग्राम के श्यामलाल झारिया की पत्नी शीला रानी के निधन के बाद उनका दाह संस्कार खेत में खड़ी गेहूं की फसल के बीच करना पड़ा। इस घटना ने ग्राम की जमीनी हकीकत एवं ग्रामीणों की मजबूरी को उजागर कर दिया है ग्राम के है हल्ले, गणेश ,दीपक, बिहारी लाल, सुशील झरिया, आदि का कहना है कि बरसों से इस ग्राम में शमशान घाट के अभाव में हर बार ऐसी स्थिति बनती है उन्होंने बताया कि कई बार शासन प्रशासन से मांग की गई लेकिन आज तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया। ग्रामीणों के अनुसार बारिश के समय में इस ग्राम में यह समस्या और भी विकेट हो जाती है खेतों तक पहुंचाने के लिए कोई पक्का रास्ता तो है नहीं कीचड़ एवं खेत की मेड एवं फिसलन की बीच अंतिम संस्कार करना पड़ता है जो बेहद ही कठिन एवं जोखिम भरा होता है। विदित हो कि इस ग्राम में कुछ वर्ष पूर्व तत्कालीन तहसीलदार श्री अरविंद यादव जी के द्वारा श्मशान घाट के लिए भूमि का सर्वे कराया गया था एवं शमशान घाट के निर्माण का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन यह आश्वासन आज दिनांक तक भी जमीन पर नहीं उतर पाया है।

### ग्राम में शासकीय भूमि नहीं है उपलब्ध

ग्राम पंचायत मुंडेरी के सचिव अंबिका साहू ने कहा कि यह बंधना ग्राम खेतों से लगा हुआ एवं खेतों के बीच में ही बसा है एवं इस ग्राम में शमशान घाट के लिए कोई भी शासकीय भूमि उपलब्ध नहीं है ,जिस कारण इस गांव में यह समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इस विषय में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है लेकिन जब तक शमशान घाट के लिए भूमि दान में प्राप्त नहीं होती है तब तक निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि ग्राम पंचायत मुख्यालय मुड़ेरी में शासकीय भूमि उपलब्ध है लेकिन बंधना ग्राम से पंचायत मुख्यालय की दूरी 2 किलोमीटर की है जिससे यहां लाकर अंतिम संस्कार करना ग्रामीणों के लिए व्यावहारिक रूप से कठिन हो जाता है। देखना होगा कि कोई ग्राम का जागरूक नागरिक शमशान घाट के लिए भूमि दान देता है या नहीं।

# कलहेरा खेड़ा में शहीद दिवस मनाया



**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा की नजदीकी ग्राम पंचायत कलहेरा में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों के निर्देशन में स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को याद करते हुए उनका बलिदान दिवस मनाया गया इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सहने कहा कि आज ही के दिन 23 मार्च 1931 को शहीदे आजम भगत सिंह सुखदेव राजगुरु लाहौर की सेंट्रल जेल में फांसी दी गई थी उनके इस महान बलिदान को याद करती करते हुए शहीद भगत सिंह राजगुरु सुखदेव प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर तिलक लगाकर उनको याद किया गया एवं उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भगवती मानव कल्याण के संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह ठाकुर पत्रकार पुष्पेंद्र सिंह समाजसेवी राजा खान हेमंत सिंह वीर पटेल जसवंत सिंह दीपेंद्र सिंह सौरभ सिंह ओमकार यादव प्रदीप यादव ताराचंद कोटवार मनोज जैन विनोद राय रवि सोनी शायद बड़ी संख्या में युवाओं बच्चों की उपस्थिति रही

# 300 साल पुराना मां चंडी का दिव्य धामः गुंजी की पहचान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बनवार

जहां आस्था हो, वहां चमत्कार अपने आप जन्म लेते हैंङ्क और ऐसा ही एक अद्भुत स्थल है गुंजी ग्राम का प्राचीन मां चंडी मंदिर, जो पिछले करीब तीन सौ वर्षों से श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र बना हुआ है। दमोह जिले के प्रसिद्ध तीर्थ देव श्री जागेश्वर नाथ धाम से लगभग 3 किलोमीटर उत्तर दिशा में स्थित यह मंदिर न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि गांव की आध्यात्मिक पहचान भी बन चुका है।

### पेड़ के नीचे प्रकट हुई थीं मां चंडी

ग्रामीणों की मानें तो सदियों पहले एक छेवला के पेड़ के नीचे मां चंडी की प्रतिमा स्वयं प्रकट हुई थी। इस दिव्य घटना ने पूरे क्षेत्र को चमत्कृत कर दिया। प्रारंभ में यहां एक छोटी सी मड़िया बनाई गई, लेकिन जैसे-जैसे श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती गई, यह स्थान भव्य मंदिर के रूप में विकसित हो गया।

### हर संकट का समाधान

ग्रामवासियों का अटूट विश्वास है कि मां चंडी की कृपा से गांव हर प्रकार की विघ्न-बाधाओं और प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित रहता है। यहां सिंदूर अर्पित करने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसे विशेष श्रद्धा के साथ निभाया जाता है। चैत्र नवरात्रि की पंचमी को मंदिर में मां का विशेष श्रृंगार किया जाता है। इस अवसर पर दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मंदिर परिसर में अखंड रामचरितमानस पाठ, कन्या भोज और विशाल भंडारे का आयोजन होता है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठता है।

### दीपावली पर लगता है भव्य चंडी मेला

दीपावली के बाद वारस के दिन यहां भव्य चंडी मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। संतों का सतत आगमन और धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला इस स्थल को और भी पवित्र बना देती है।

मंदिर के पुजारी पंडित राजेश तिवारी के अनुसार, "यहां हर आयोजन माता की कृपा से स्वयं ही संपन्न होता है।" गुंजी का मां चंडी मंदिर सिर्फ एक पूजा स्थल नहीं, बल्कि पूरे गांव की आस्था,शांति और एकता का जीवंत प्रतीक है—जहां हर भक्त अपनी मनोकामना लेकर आता है और संतोष लेकर लौटता है। यह धाम आज भी विश्वास, चमत्कार और भक्ति की अनूठी कहानी कहता है।

# महाविद्यालय में बलिदान दिवस मनाया गया

**दमोह।** कमला नेहरू महाविद्यालय में बलिदान दिवस दमोह मनाया गया । शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत आज शहीद-ए-आज़म भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के बलिदान दिवस का भावपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.पी. चौधरी ने कहा कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का बलिदान केवल इतिहास की घटना नहीं है — यह युवा पीढ़ी के लिए एक जीवंत प्रेरणा है। उन्होंने छात्राओं का आह्वान किया कि वे इन शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. एन.पी. नायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना का उद्देश्य केवल रोज़गार तक सीमित नहीं है — बल्कि ऐसे संस्कारवान और देशभक्त युवाओं का निर्माण करना है जो शहीदों के सपनों का भारत बना सकें। डॉ. अवधेश जैन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 23 मार्च का दिन हमें यह याद दिलाता है कि इस देश की आज़ादी किसी की दया से नहीं, बल्कि असंख्य युवाओं के रक्त और बलिदान से मिली है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए।डॉ. आर.पी. अहरवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि भगत सिंह एक विचारक और दार्शनिक भी थे। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया कि वे केवल डिग्री नहीं, बल्कि ज्ञान और चरित्र का निर्माण करें — यही सच्ची शिक्षा है और यही इन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।कार्यक्रम में डॉ. रेखा जैन, डॉ. डी.के. नेमा, डॉ. मालती नायक सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं स्टाफ की गरिमामय उपस्थिति रही। सभी ने शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का सुव्यवस्थित संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रकोष्ठ प्रभारी बृजेश मौर्य द्वारा किया गया।

# किसानों को शीतल जल पिला कर की जल सेवा



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार एवं किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा के मार्गदर्शन में किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल के नेतृत्व में कृषि उपज मंडी सागर नाका में किसान सेवा सप्ताह के अंतर्गत जल सेवा अभियान चलाते हुए किसान बंधुओ को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर गोपाल पटेल ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए किसानों एवं आमजनों की सुविधा के लिए जल सेवा का यह कार्य किया जा रहा है। किसान सेवा सप्ताह (23 मार्च से 29 मार्च) के अंतर्गत भाजपा किसान मोर्चा द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें जल सेवा प्रमुख रूप से शामिल है। उन्होंने जानकारी दी कि 25 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के जन्मदिवस के अवसर पर भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही किसान सम्मान, निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं "मन की बात" कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी, जिला मंत्री भारत यादव, व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेंद्र बजाज, जिला कार्यालय मंत्री देवकीनंदन पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजा वीर चौहान, दीनदयाल नगर मंडल मीडिया प्रभारी अखिलेश सिंह घोषी, टीकाराम पटेल सहित अनेक कार्यकर्ता एवं किसान बंधु उपस्थित रहे।

# 2 से 8 अप्रैल तक विशेष प्रशिक्षण अभियान

**दमोह।** साधना सप्ताह अंतर्गत 02 अप्रैल से 08 अप्रैल 2026 के दौरान समस्त शासकीय मंत्रालयों, विभागो/संगठनों में शासकीय सेवकों के राष्ट्रीय उन्नति के अनुकूल विकास एवं मानवीय क्षमताओं में अभिवृद्धि हेतु विस्तृत एवं बहुआयामी प्रशिक्षण एवं परिचर्चा सबंधी कार्यक्रम 'साधना सप्ताह' का आयोजन किया गया है। साधना सप्ताह दौरान मिशन कर्मयोगी अंतर्गत **iGOT** पोर्टल पर उपलब्ध अधिक से अधिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की पूर्णता प्रदेश के समस्त शासकीय सेवकों/संविदा कर्मियों के द्वारा की जाना है, तथा क्षमता विकास आयोग एवं राज्य स्तर से आर.सी वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल द्वारा आयोजित समूह चर्चाओं एवं बेविनार इत्यादि के माध्यम से समस्त शासकीय सेवकों का क्षमतावर्धन कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। राष्ट्रीय सीखे सप्ताह 15 सितम्बर से 21 सितम्बर 2025 के दौरान मध्यप्रदेश द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया था। अतः राष्ट्रीय सीखे सप्ताह में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु विभागो और जिलों से कार्यवाही अपेक्षित है।

# विश्व जल दिवस पर ली जल संरक्षण की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पथरिया



जन अभियान परिषद द्वारा मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय पथरिया में 'विश्व जल दिवस' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'जल गंगा संवर्धन अभियान' जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और जल संरक्षण का संकल्प लेना था।

### बूंद-बूंद बचाने का लिया संकल्प

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, ब्लॉक समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय ने जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जल की एक-एक बूंद को बचाना आज के समय की सबसे बड़ी प्राथमिकता है उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक ग्राम में कुओं, बावड़ियों और तालाबों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए और जल गुणवत्ता परीक्षण किट का उपयोग कर लोगों को स्वच्छ पेयजल के प्रति जागरूक किया जाए।

### पानी बना नहीं सकते, सिर्फ बचा सकते हैं

परामर्शदाता एवं जल योद्धा दिलीप पटेल ने कार्यक्रम की सार्थकता पर बात करते हुए कहा, ₹हम पानी बना नहीं सकते, केवल पानी बचा सकते हैं।₹ उन्होंने कम पानी वाली फसलों को अपनाने, वर्षा पूर्व तालाबों के गहरीकरण और गिरते भू-जल स्तर को थामने के लिए सामूहिक प्रयासों को अनिवार्य बताया।

### व्यावहारिक प्रशिक्षण और शपथ

इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से अभिषेक राठौर ने विभाग द्वारा संचालित 'जल महोत्सव' के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। वहीं, परामर्शदाता श्रीमती पुष्पा दुबे ने उपस्थित विद्यार्थियों को 'जल गुणवत्ता परीक्षण किट' का उपयोग करना सिखाया और किट का वितरण भी किया, ताकि विद्यार्थी अपने-अपने गाँवों में पेयजल की गुणवत्ता की जांच कर सकें। कार्यक्रम के अंत में परामर्शदाता कुमारी दर्शिका तिवारी ने सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में परामर्शदाता शैलेंद्र पाराशर, गायत्री शक्तिपीठ से लक्ष्मी प्रसाद तिवारी सहित पाठ्यक्रम के विद्यार्थी आदर्श दुबे, प्रभांशु अहिरवार, मदन पाली, मुथरा लोधी, नेहा पटेल, सावित्री पटेल आदि ने जल संरक्षण के विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान श्री साईं बाबा महिला मंडल की दीपा पचौरी, नगर विकास प्रस्फुटन समिति से पवन पटेल, कृष्णा साहू और धरातल जनकल्याण समिति पथरिया के यशवंत जैन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण और स्वच्छता का हुआ सफल आयोजन



**तेंदूखेड़ा।** ग्राम धनेटा मॉल में "जल गंगा संवर्धन अभियान 2026" के अंतर्गत "जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम" का सफल आयोजन किया गया। यह अभियान मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 19 मार्च से 27 मार्च 2026 तक वर्ष प्रतिपदा से रामनवमी आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में मोहित पटेल शिक्षा समिति, धनेटा मॉल द्वारा शिव मंदिर कुटी नदी तट पर स्वच्छता एवं जल संरक्षण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान नदी तट की साफ-सफाई, जल पूजन, दीप प्रज्वलन तथा वृक्ष पूजन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जल और वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि "जल है तो कल है" केवल नारा नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। वृक्ष न केवल वर्षा को आकर्षित करते हैं, बल्कि भूजल स्तर बनाए रखने और स्वच्छ वायु प्रदान करने में भी सहायक हैं। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक समन्वयक दीपचंद मालवीय के मार्गदर्शन एवं परामर्शदाता दीपेश कटारे के निर्देशन में हुआ। ग्राम विकास समिति के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नवांकुर संस्था के सदस्यों सहित विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। अंत में सभी ने संकल्प लिया कि जल संरक्षण एवं अधिकाधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण की रक्षा करेंगे।

# गेट परीक्षा में पाई सफलता

**तेजगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तेजगढ़ के पूर्व छात्र एवं बीड़ी अहिरवाल जी शिक्षक के सुपुत्र ने देश की प्रतिष्ठित GATE परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा



कक्षा 12वीं तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तेजगढ़ से पूर्ण की। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। गेट परीक्षा इंजीनियरिंग एवं विज्ञान के क्षेत्र की एक राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण परीक्षा है, जो उच्च शिक्षा (एम टैक, पीएचडी) एवं विभिन्न सरकारी एवं प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार के अवसर प्रदान करती है। इस परीक्षा में सफलता प्राप्त करना विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और प्रतिभा का प्रतीक माना जाता है। इस उपलब्धि पर शिक्षा परिवार से प्राचार्य अनरत सिंह, एन. एस. राजपूत, महेन्द्र दीक्षित, मनोहर सिंह, संतोष प्रधान, सुशील यादव, मयंक सर, तखत सिंह, मनोज राजपूत, शोएब पठान, धरम जैन आदि ने छात्र को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने आशा व्यक्त की कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनेगी।

मां के जयकारों से गूंज उठा हटा नगर

# पंचमीं को उपकाशी में निकली मां चंडी की भव्य रथ व चुनरी यात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

चैत्र नवरात्रि की पंचमी के पावन अवसर पर उपकाशी हटा नगर में जगत की पालनहार मां चंडी मैया की भव्य रथ व चुनरी यात्रा अत्यंत हर्षोल्लास और गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। इस दौरान पूरा नगर मां के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने जगह-जगह आरती-पूजन कर यात्रा का स्वागत किया और श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया।

रथयात्रा कार्यक्रम की शुरुआत चंडी मंदिर से हुई, जहाँ मां चंडी की प्रतिमा को भव्य रूप से सजाए गए रथ में विराजमान किया गया जिसे भक्तों द्वारा हाथों से खींचा गया जिस रथ को खींचने भक्तों में काफी उत्साह उमंग देखा गया। रथ यात्रा में महिला श्रद्धालु उत्साह के साथ गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और भजनों के बीच पारंपरिक वेशभूषा में चंडी मैया की चुनरी लेकर चल रही थी।

## जगह जगह पूजन अर्चन कर किया स्वागत

नगरवासियों ने अपने घरों के बाहर और प्रमुख मार्गों पर यात्रा का जोरदार स्वागत किया। माता की आरती उतारी गई और भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। रथ यात्रा के दौरान नगर के अलावा मंदिर मस्जिद चौराहा पर श्रद्धालुओं की भीड़ का जन सैलाव देखने को मिला जिसमें बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए, जिससे भक्ति का सैलाब देखने को मिला। इस भव्य आयोजन ने हटा नगर में नवरात्रि के उत्साह को और बढ़ा दिया। मां की भव्य रथ यात्रा के दौरान भगवान श्री राम, पवनसुत हनुमान जी की आकर्षक दिव्या प्रतिमा शोभायात्रा में शोभायमान हो रही थी। इसके अलावा नगर की मद्दी के बगीचा बजरंग अखाड़ा, गजबाबा अखाड़ा, मुरली मनोहर अखाड़ा मुख्य रूप से शामिल रहे।

## सुरक्षा व्यवस्था के रहे इंतजाम

नगर में निकाली गई मां चंडी की भव्य रथयात्रा वह चुनरी यात्रा के दौरान जगह-जगह पुलिस प्रशासन द्वारा एसडीओपी सौरभ त्रिपाठी की उपस्थिति में थाना प्रभारी सुधीर बेगी निर्देशन में मां चंडी जी मंदिर से लेकर नगर के प्रमुख मार्गो पर यात्रा के दौरान भारी पुलिस बल की तैनाती से सुरक्षा व्यवस्था की पुख्ता इंतजाम रहे जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधाओं का सामना नहीं करना पड़ा।

## पीतांबरा पीठ में पंचमी पर हुई मां की दिव्या महा आरती



हटा। नगरी के देवश्री गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में विराजमान मां पीतांबरा पीठ में चैत्र नवरात्रि की पंचमी पर दिव्य माहौल रहा। भक्तों ने हजारों दीपों के साथ संगीतमय महाआरती की, जिससे मंदिर प्रांगण जगमगा उठा। मनमोहक श्रंगार के साथ की गई इस भव्य आरती में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पंचमी के पावन अवसर पर मां पीतांबरा को पीले वस्त्र और स्वर्ण आभूषणों से भव्य श्रंगारित किया गया। जिसमें मां के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। असंख्य दीपों से जगमगाया प्रांगणः शाम के समय भक्तों ने सैकड़ों की संख्या में दीप प्रज्वलित किए। गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में दीपों की रोशनी से अनूठा नजारा देखने को मिला, जिसे देखने के लिए दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी जहां मां के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। भक्तों ने उत्साह से स्कंदमाता के स्वरूप का स्मरण करते हुए मां पीतांबरा की आराधना की। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया, जिससे धार्मिक माहौल भक्तिमय बना रहा। इस दौरान मां पीतांबरा मंदिर के पुजारी पंडित सोनू मिश्रा ने बताया कि चैत्र नवरात्रि में रोजाना अनुष्ठान पाठ किये जा रहे हैं पंचमी पर महाआरती की गई। पंडित मिश्रा ने बताया कि पंचमी के दिन मां के इस रूप की सच्ची मन से पूजा करने से भक्तों के सभी तरह के रोग दूर हो जाते हैं साथ ही दुश्मनों से भय समाप्त हो जाता है और लंबी आयु का वरदान मिलता है इसी के साथ मां पीतांबरा आध्यात्मिक शक्ति आत्मविश्वास और मन पर नियंत्रण भी बढ़ाती हैं। नवरात्रि में आरती के दौरान सोमिल सिंह हजारी सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता की आरती में सम्मिलित रहे हैं।

# सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना

### 10 लाख के आभूषण व नगदी उड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



नगर के रहवासी जगह में सूने मकान को निशाना बनाकर चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है, जिसमें अज्ञात चोरों द्वारा सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी सहित लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 11 में पंचवटी मंदिर के सामने रहने वाले अभिषेक उपाध्याय उम्र 42 वर्ष, पिता खूबनारायण उपाध्याय ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि प्रार्थी जनपद पंचायत में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं। प्रार्थी के अनुसार दिनांक 19 मार्च को वह अपने परिवार सहित नवरात्रि पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु दमोह गए हुए थे। इस दौरान उनका घर बंद एवं सूना था। दिनांक 22 मार्च को शाम लगभग 6 बजे जब वे वापस अपने निवास पर लौटे और घर के अंदर प्रवेश किया, तो उन्होंने देखा कि घर के पीछे वाला दरवाजा खुला हुआ है और सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ है तथा गोदरेज अलमारी का लॉकर टूटा हुआ है। अलमारी की जांच करने पर पाया गया कि अज्ञात चोरों द्वारा सोने एवं चांदी के आभूषण तथा नगद राशि चोरी कर ली गई है। चोरी गए सामान में एक सोने का बड़ा रानीहार, दो चैन वाले मंगलसूत्र, पांच जोड़ी कान के टॉप्स, एक जोड़ी झुमके, पांच सोने की अंगूठियां, पांच जोड़ी चांदी की पायल सहित लगभग 10 लाख से अधिक रुपये मूल्य के पुराने आभूषण तथा करीब 50 हजार रुपये नगद शामिल हैं 10 लाख से अधिक की चोर होना बताया गया है। प्रार्थी ने बताया कि चोरी गए सभी आभूषणों की पहचान वह एवं उनकी पत्नी द्वारा की जा सकती है। प्रथम दृष्टया यह घटना सूने मकान का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों द्वारा अंजाम दी गई प्रतीत होती है। थाना तेंदूखेड़ा पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है तथा आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश एवं संभावित आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रयास किए जा रहे हैं घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी अर्चना अहीर थाना प्रभारी रावेन्द्र बागरी दमोह से फिंगर प्रिंट रूबी चौहान प्रधान आरक्षक बृजेश त्रिपाठी आरक्षक नीरज नामदेव मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की गई।

## इनका कहना है

थाना प्रभारी रावेन्द्र बागरी ने कहा है चोरी की जांच की जा रही है अज्ञात चोरी की तलाश शुरू कर दी गई है साथ ही नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घर को लंबे समय तक खाली छोड़ने से पूर्व आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला का आयोजन कल

**दमोह।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष में जिला प्रशासन द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार 25 मार्च 2026 को विशाल जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन तहसील ग्राउंड दमोह में माननीय जनप्रतिनिधियों की गरिमा में उपस्थिति में आयोजित किया जा रहा हैं। किसानों को उन्नत कृषि तकनीकी के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा तथा उन्नत कृषि यंत्रों एवं उन्नत कृषि तकनीकी की प्रदर्शनी जैविक एवं प्राकृतिक खेती हाट बाजार तथा पर्यटन जैविक ग्राम की परिकल्पना पर आधारित प्रदर्शनी नरवाई प्रबंधन उर्वरक वितरण की ई-विकास प्रणाली के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी द्वारा प्रदान की जाएगी।

# नफरत एवं टकराव की राजनीति करती है भाजपा- हरीश चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



संगठन सृजन अभियान की समीक्षा एवं संगठनात्मक की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव एवं म.प्र. कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि आर.एस.एस. कहती है कि हम गैर राजनैतिक दल है किन्तु चुनाव आते ही वह भाजपा का राजनैतिक चोला पहिन लेती है। भाजपा ने नरेगा का नाम ही नहीं बदला बल्कि ग्रामीणों का रोजगार ही खत्म कर दिया। म.प्र. के सह प्रभारी रणविजय सिंह चोखव ने कहा कि देश की विचार धारा है वह कांग्रेस की विचारधारा है। भाजपा नफरत एवं टकराव की राजनीति करती है। पूर्व मंत्री जिला कांग्रेस प्रभारी हर्ष यादव ने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन के पूर्व हमने जिला कार्यालय में हुई समन्वय समिति में कुछ महत्वपूर्ण कुछ मसलो पर निर्णय लिये गये है जिसका अक्षरशः पालन किया जायेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटैल ने कहा कि जिले के किसानों की फसलो की कटाई के समय पे मौसम ओलावृष्टि पानी गिरने से हालत खराब हो गई है किन्तु शासन प्रशासन ने किसी भी प्रकार के सर्वे कराने की जरूरत नहीं समझी। पूर्व विधायक अजय टंडन, प्रताप सिह, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वय रतनचंद जैन, मनु मिश्रा, विधानसभा प्रत्याशी प्रदीप खटीक, बृजेन्द्र सिंह, लोकसभा प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह, तिलक सिंह, तरवर सींग ने भी कहा कि भाजपा कहती है गैस सिलेन्डर की किल्लत कांग्रेस द्वारा बनाई गई है वह पूछना चाहते है कि गैस की किल्लत एक जगह होती दो जगह होती किन्तु यह किल्लत तो पूरे देश में है। कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रमुख रूप से तेजीराम रोहित, संजय चौरसिया, लक्ष्मण सींग, राजेश तिवारी, रोहन पाठक, पप्पू नायक, निधि श्रीवास्तव, तेजीराम रोहित, मंजू राय, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, लालचंद राय, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, परम यादव, रजनी ठाकुर, बसंत कुशवाहा, लाखन सिंह, अमर सिंह, शमीम कुरैशी, दिनेश रैकवार, मंजीत यादव, अरविंद अवस्थी, खिल्लू ठाकुर, शानु जुनेजा, गीता लोधी, उवेद गौरी, अनिल जैन, पप्पू कुशवाहा, रियाज खान, संध्या नायक, केके वर्मा, अजय जाटव, प्रवेन्द्र चन्द्राकर, विजय बहादुर, डीपी पटेल, मदन सुमन सहित जिले के ब्लॉक एवं उपब्लॉक अध्यक्ष एवं नगर के समस्त पार्षदो की उपस्थिति रही एवं सभी से वन टू वन चर्चा हुई।

## आचार्य भरतमुनि प्रसंग में 26 मार्च को सुविख्यात कलाकार देंगे प्रस्तुति

**दमोह।** मध्यरप्रदेश शासन, संस्कृीति विभाग अंतर्गत उस्ता द अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा जिला प्रशासन दमोह के सहयोग से नाट्यशास्त्र के रचयिता आचार्य भरतमुनि की स्मृनति में प्रतिष्ठित 'आचार्य भरतमुनि प्रसंग' का आयोजन किया जा रहा है। मानस भवन, दमोह में 26 मार्च, 2026 को आयोजित होने जा रहे इस समारोह में गायन, वादन एवं नृत्य की उत्कृ ष्टत प्रस्तु तियां देश के सुविख्या।त कलाकारों द्वारा दी जायेंगी। उस्ताााद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि भारतीय संस्कृवति एवं परम्पतराओं के संरक्षण के साथ ही उनके प्रचार-प्रसार के लिए संस्कृ ति विभाग निरन्तार कार्यरत है। नई पीढ़ी हमारी संस्कृकति एवं महान विभूतियों के बारे में परिचित हो सके, इसके लिए अनेक नवाचार एवं आयोजन भी किए जा रहे हैं। उन्होंशने बताया कि एक दिवसीय आचार्य भरतमुनि प्रसंग में सायं 7 बजे से सर्वप्रथम श्वेकता गुंजन जोशी, धार का गायन होगा। इसके बाद पंडित प्रसन्नजजीत पोद्दार एवं साथी, कोलकाता का वाद्यवृंद वादन होगा। अंतिम प्रस्तुगति चक्रधर नृत्यज केन्द्र, भोपाल द्वारा कथक समूह नृत्यत की होगी, जो गुरु सुश्री अल्पसना वाजपेयी के निर्देशन में तैयार की गई है। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्कं रहेगा, पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर स्थादन प्रदान किया जा सकेगा।

# नवरात्रि पंचमी पर मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर पंचमी तिथि के दिन नगर के सभी देवी मंदिरों एवं पंडालों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही भक्तजन माता रानी के जयकारों के साथ मंदिरों में पहुंचने लगे और विधि-विधान से जल अर्पित कर पूजा-अर्चना की। पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया, जहां हर ओर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम रहा। पंचमी के दिन देवी के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की विशेष पूजा की गई। मंदिरों में पंडितों द्वारा विधिवत पूजा संपन्न कराई गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर ग्राम पिडरई में में एक विशाल चुनरी यात्रा भी निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर झूमते हुए माता के दरबार तक पहुंचे। भक्तजन अपने साथ विशाल चुनरी लेकर आए और माता को अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। पंडित बलराम शास्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचमी तिथि को स्कंदमाता की पूजा का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि इस दिन देवी की आराधना करने से संतान की दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। स्कंदमाता को सुख-शांति प्रदान करने वाली देवी माना गया है। देवासुर संग्राम के सेनापति भगवान कार्तिकेय की माता होने के कारण मां दुर्गा के इस स्वरूप को स्कंदमाता कहा जाता है। उन्होंने बताया कि स्कंदमाता का स्वरूप अत्यंत दिव्य और तेजोमय है। देवी की चार भुजाएं हैं, जिनमें वे अपने पुत्र स्कंद को गोद में धारण किए रहती हैं। उनके एक हाथ में कमल पुष्प और दूसरे में वरद मुद्रा होती है, जबकि सिंह उनका वाहन है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, स्कंदमाता की उपासना से साधक को मानसिक शांति, ज्ञान और बुद्धि की प्राप्ति होती है तथा जीवन के कष्ट दूर होते हैं। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भक्ति भाव से मां की आराधना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे आयोजन ने नगर में धार्मिक उत्साह और एकता का संदेश दिया।

## बिजली बिल बकायादारों पर सख्तीः भुगतान नहीं करने पर कुर्की, बाइक तक जब्त

**बनवार/दमोह।** बिजली बिल के बकायादारों के खिलाफ विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए वसूली अभियान तेज कर दिया है। बांदकपुर विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत लगातार घर-घर जाकर उपभोक्ताओं से संपर्क किया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद कई उपभोक्ता बकाया राशि जमा नहीं कर रहे हैं। विभाग द्वारा करीब 950 उपभोक्ताओं को कुर्की नोटिस जारी किए गए हैं, जिन पर 72 लाख रुपये से अधिक की राशि बकाया है। इसी क्रम में आज अधीक्षण अभियंता अमित कुमार चौहान और कार्यपालन अभियंता दक्षिण संभाग दमोह एम.एल. साहू के निर्देशन में, कनिष्ठ अभियंता सपनेश धुर्वे के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ बड़े बकायादारों के खिलाफ कार्रवाई की गई। ग्राम हरदुआ मुड़र में करन सिंह पर 10,298 रुपये, ग्राम घाटपिपरिया में हरप्रसाद प्रजापति पर 9,200 रुपये तथा केशव साहू के घर और दुकान पर 25,000 रुपये का बकाया पाया गया। वहीं ग्राम सलैया में झलकन सिंह पर 10,000 रुपये से अधिक की बकाया राशि होने पर उनकी मोटरसाइकिल कुर्क कर ली गई। इस कार्रवाई के दौरान कार्यपालन अभियंता एम.एल. साहू स्वयं मौके पर मौजूद रहे। उनके साथ विभागीय स्टाफ में विक्रांत सिंह राजपूत, प्रतिभा पांडे, नारायण तिवारी, नितिन पटेल, दुर्गेश कुमार, राजा पटेल, राजकुमार सिंह, अयाज खान, पवन प्रजापति, खेमचंद साहू, ऐना सिंह सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। विभाग की इस सख्ती से स्पष्ट हो गया है कि अब बकाया बिल को लेकर लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## निषादराज जयंती धूमधाम से मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

मांझी समाज के द्वारा नरसिंहगढ़ ग्राम में आज निषादराज जयंती के उपलक्ष में श्री राम बाग धाम प्रांगण में सुंदरकांड हवन के माध्यम से जयंती मनाई गई जिसमें सुंदरकांड हवन के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। पथरिया ब्लॉक और बटियागढ़ ब्लॉक की मांझी समाज नरसिंहगढ़ में सम्मिलित हुए भारी संख्या में निषाद राज जयंती की भव्य शोभायात्रा श्री रामबाग धाम से प्रारंभ की गई जो ग्राम के मुख्य मुख्य मार्गो से होते हुए कृष्ण मंदिर से वापस श्री रामबाग धाम में समापन किया गया। इस शोभायात्रा में क्षेत्र से आए हुए माझी समाज में सुबह सुंदरकांड हवन भंडारा का प्रसाद पाया और परंपरा गत संगीत ढीमराइ की प्रस्तुति दी। इस मौके पर क्षेत्र से आए हुए माझी समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित रही जिसमें महिला की भी उपस्थिति अधिक रही। क्षेत्रीय रैकवार समाज डालचंद रैकवार, धनीराम रैकवार, वीरू रैकवार, गुड्डू रैकवार, लखन रैकवार, संजय रैकवार, गोपी रैकवार, अजीत रैकवार, मुकेश रैकवार, कमल रैकवार टिक्कू रैकवार बृजेश रैकवार नारायण रैकवार, जगदीश रैकवार, रैकवार समाज नरसिंहगढ़ और क्षेत्रवासी भारी संख्या में रहे।

# एक हजार वर्ष से ज्यादा प्राचीन है पतलोनी का मां शारदा मंदिर



### लोगों की आस्था का केंद्र बिंदु,मां की महिमा न्यारी

**तेजगढ़/तेंदूखेड़ा।** ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पतलोनी में अति प्राचीन माँ शारदा का मंदिर है मंदिर का इतिहास स्पष्ट नहीं है लेकिन प्रतिमा एक हजार से अधिक पुरानी बताई जाती है जिसकी पूजन-अर्चन व देखरेख ग्रामीण करते है। भक्तों की मान्यता है कि यहा विराजमान माँ शारदा भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करती है और नवरात्र में यहां विविध धार्मिक आयोजन भी किए जाते हैं और यहां पूर्ण धार्मिक आस्था अपनी रखते है यहां दर्शन करने दूरदराज से श्रद्धालु अपनी आस्था और विश्वास लेकर आते हैं साथ ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है।

कंकाली माता थी विराजमान

मंदिर के प्राचीन इतिहास के संबंध में स्थानीय भागवत सेन बाते है कि यहां पहले घना जंगल हुआ करता था और यहां पर तेजगढ़ के राजा तेजसिंह की कुलदेवी माता कंकाली विराजमान थी जो काले पत्थर की प्रतिमा थी और जिनकी प्राण प्रतिष्ठा उनके द्वारा किए जाने के साथ साथ वह यहाँ पूजन अर्चन करने आते थे। लेकिन कालचक्र के साये में राजा तेजसिंह के बाद यह स्थान यह स्थान वीरान होता चला गया और मुख्य स्थान जंगलो के बीच खोने लगा। लेकिन करीब 60 वर्ष पूर्व ग्राम पतलोनी निवासी भूंडू सेन ने यहां फिर से माता की स्थापना कराई तो इस स्थान को माता शारदा के नाम से भी लोग जानने और मानने लगे समय के साथ यहाँ की ख्याती आसपास फैलने लगी और भक्तों द्वारा यहां पर शारदा माता मंदिर के अलावा कई मंदिरों का निर्माण कराया जिनमे शिव मंदिर, गणेश मंदिर, शनि मंदिर, महाकाली मंदिर, राम दरबार, सिद्ध महाराज सहित अन्य देवी देवताओं के मंदिर भी शामिल है। इस मंदिर में तिथि माह अनुसार शारदेय नवरात्र की पंचमी के दिन नौ देवियों की स्थापना की जाती है और साथ ही यहां मेला भी भरता है। वहीं चैत्र नवरात्री की पंचमी को यहां ज्वारे बोने की परंपरा है जो और पूर्णिमा को विसर्जित किए जाते है। इस दौरान लोग दूर दूर से अपनी मनोकामनाएं लेकर आते है और मान्यता है कि भक्तों की मनोकामना माँ पूरी भी करती है। वहीं नवरात्र पर प्रतिदिन 1008 आहुतियां माता के नाम से दी जाती है और भव्य आरती की जाती है।

## बड़ी खेरमाता मंदिरः आस्था, इतिहास और जन समर्पण का अद्भुत संगम

**तेंदूखेड़ा।** नगर मै दमोह मार्ग पर स्थित गौरैया नदी के पवित्र तट पर विराजित माता बड़ी खेरमाई का मंदिर क्षेत्र की धार्मिक आस्था, ऐतिहासिक विरासत और जनसहभागिता का जीवंत प्रतीक है। जहां पर हमेशा प्रतिदिन श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर पहुंचते हैं यहां मनोकामना पूर्ण होने पर विशाल भंडारे का आयोजन और धार्मिक आयोजन होते रहते हैं यह मंदिर न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, बल्कि दूर-दराज से आने वाले भक्तों के लिए भी विशेष आकर्षण का स्थल बन चुका है। मंदिर की स्थापना एक प्राचीन लोककथा से जुड़ी हुई है। मान्यता है कि प्राचीन काल में नगर गौरैया नदी के किनारे बसा हुआ था। उसी समय





एक विशाल तेंदू के वृक्ष के नीचे माता खेरमाई विराजमान थीं। इस तेंदू वृक्ष के कारण ही इस स्थान का नाम तेंदूखेड़ा पड़ा। प्रारंभ में माता की पूजा उसी वृक्ष के नीचे की जाती थी, जो स्थानीय लोगों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र था। समय के साथ क्षेत्र में एक भीषण महामारी फैली, जिसके कारण नगरवासियों को नदी किनारे बसे मूल स्थान को छोड़कर लगभग एक किलोमीटर दूर वर्तमान स्थान पर बसना पड़ा। इस परिवर्तन के बाद नगर में माता खेरमाई का नया मंदिर स्थापित किया गया, जहां नियमित पूजा-अर्चना प्रारंभ हुई। हालांकि, नदी किनारे स्थित मूल स्थल और प्राचीन प्रतिमा के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था और जुड़ाव सदैव बना रहा। वर्ष 1975 के आसपास कुछ श्रद्धालुओं जिनमें प्रमुख स्वर्गीय धर्मदास नामदेव ने मूल स्थान पर एक छोटी सी मड़िया मंदिर संरचना का निर्माण कराया। इसके बाद वर्ष 1995 में नागसेन बाबू के सहयोग से इस मड़िया का जीर्णोद्धार किया गया, जिससे यह स्थल पुनः श्रद्धा का केंद्र बन सका। मंदिर के वर्तमान भव्य स्वरूप की नींव वर्ष 2011 में रखी गई, जब श्रद्धालुओं एवं समाजसेवियों—जिनमें प्रमुख रूप से राजू नामदेव, गोपाल ठाकुर, चंद्रशेखर हजारी ,राजेश शर्मा, संपति शुक्ला, जितेंद्र नामदेव और अन्य भक्त शामिल थे—ने मंदिर निर्माण का संकल्प लिया। इस पुनीत कार्य में न केवल स्थानीय लोगों ने, बल्कि दूर-दूर से आए भक्तों ने भी तन, मन और धन से सहयोग दिया। लगभग 15 वर्षों की सतत मेहनत, समर्पण और जनसहयोग के परिणामस्वरूप आज माता बड़ी खेरमाई का मंदिर एक विशाल और भव्य स्वरूप में स्थापित हो चुका है। यह मंदिर अब क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान बन गया है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। माता बड़ी खेरमाई मंदिर तेंदूखेड़ा की धार्मिक चेतना का केंद्र है, जो आस्था, परंपरा और सामूहिक प्रयास का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करता है। यह मंदिर न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है, बल्कि समाज में एकता और सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ करता है।